भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 354
17 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषयः- बिहार में प्रधान मंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) का कार्यान्वयन

***354. श्रीमती लवली आनंदः**

श्री कौशलेन्द्र कुमारः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार के जिन जिलों में प्रधान मंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) लागू की गई है उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त सभी जिलों में उक्त योजना की समीक्षा की है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त योजना से किसानों को कितना लाभ हुआ है और इसके लाभार्थियों की जिला-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'बिहार में प्रधान मंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) का कार्यान्वयन' के सन्दर्भ में लोक सभा में 17 मार्च 2026 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 354* के भाग (क) से (ग) के संबंध में उल्लिखित विवरण

(क): प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (डीडीकेवाई) बिहार के मधुबनी, दरभंगा, बांका, गया, सीवान, किशनगंज और नवादा जिलों में कार्यान्वित की जा रही है।

(ख) एवं (ग): डीडीकेवाई योजना को 11 विभागों की 36 केंद्रीय योजनाओं और अन्य राज्य योजनाओं के समन्वय के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा। योजना की प्रभावी नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियां गठित की गई हैं।

इसके अलावा, प्रत्येक डीडीकेवाई जिले में केंद्रीय नोडल अधिकारी (सीएनओ) नियुक्त किए गए हैं ताकि वे नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा कर सकें और जिलों के प्रदर्शन की समीक्षा और निगरानी कर सकें।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों ने संबंधित हितधारकों के परामर्श से जिला कार्य प्लान (डीएपी) तैयार कर अंतिम रूप दिया हैं। बिहार के डीडीकेवाई जिलों ने डीएपी तैयार कर डीडीकेवाई डैशबोर्ड पर अपलोड कर दिए हैं। संबंधित मंत्रालयों/विभागों ने इन डीडीकेवाई जिलों को डीएपी पर फीडबैक भी दे दिया हैं।

डीडीकेवाई जिलों में योजना की प्रगति की निगरानी प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) के माध्यम से की जाती है, जिन्हें जिले द्वारा डीडीकेवाई डैशबोर्ड पर अपडेट किया जाता है।

डीडीकेवाई जिलों में विभिन्न योजनाओं के तहत की जा रही गतिविधियों से किसानों को लाभ मिल रहा है। बिहार के डीडीकेवाई जिलों में कुछ योजनाओं के तहत लाभान्वित लाभार्थियों की जिलावार संख्या (बिहार राज्य सरकार द्वारा दिए गए विवरण और संबंधित जिलों द्वारा डीडीकेवाई पोर्टल पर प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार) **अनुबंध** में दी गई है।

अनुबंध

<u>बिहार के डीडीकेवाई जिलों में कुछ योजनाओं के तहत लाभान्वित लाभार्थियों की जिलावार संख्या</u>

क्र. सं.	ज़िला	किसान क्रेडिट कार्ड (नया + नवीकरण)	पीएम-किसान	राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (एनएमएनएफ)	परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)	मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (एसएच एंड एफ) संबंधी सलाह	कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन (एसएमएएम)	केवीके में प्रशिक्षण	राष्ट्रीय गोकुल मिशन (कृत्रिम गर्भाधान)	प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना (एनएफडीपी पर पंजीकरण)
1	बांका	3424	211693	1125	632	500	344	-	-	-
2	दरभंगा	10693	185683	1250	468	30	458	1323	114172	12854
3	गया	7729	278380	1875	535	9076	3209	2160	64840	3229
4	किशनगंज	6288	103598	750	536	400	337	3438	13673	2624
5	मधुबनी	12959	284623	1875	-	12048	1020	172	39460	8069
6	सिवान	10414	373008	1500	500	9126	515	1112	-	-
7	नवादा	4059	164592	1250	-	7390	531	360	-	-
कुल		**55,566**	**16,01,577**	**9,625**	**2,671**	**38,570**	**6,414**	**8,565**	**2,32,145**	**26,776**

*****